सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-439**
17/09/2017

राजकीय सम्मान के साथ होगा सांसद मो0 तसलीमुद्दीन का अंतिम संस्कार। राज्य सरकार चेन्नई से पटना लायेगी पार्थिव शरीर

पटना, 17 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अररिया से सांसद मो0 तसलीमुद्दीन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने सांसद मो0 तसलीमुद्दीन के पुत्र श्री सरफराज आलम से दूरभाष पर बातकर उन्हें सांत्वना दी। श्री सरफराज आलम जोकीहाट से जदयू विधायक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सांसद मो0 तसलीमुद्दीन के पार्थिव शरीर को चेन्नई से पटना लायेगी। राजकीय सम्मान के साथ सांसद मो0 तसलीमुद्दीन का अंतिम संस्कार किया जायेगा।

******